## PART - I / भाग - I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos. 1 to 30) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 1 से 30) के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

1. Jean Piaget believed that knowledge is :
   (1) a visible behavioural change that can be measured with reliability.
   (2) constructed by the child rather than being passed passively from the environment.
   (3) innate and given rather than acquired through interactions.
   (4) co-constructed in interactions with more knowledgeable others.

   जीन पियाजे का मानना था कि ज्ञान है :
   (1) एक दृश्य व्यवहार परिवर्तन है जिसे विश्वसनीयता के साथ मापा जा सकता है।
   (2) पर्यावरण से निष्क्रिय रूप से पारित होने के बजाय बच्चे द्वारा निर्मित किया जाता है।
   (3) अंत:क्रियाओं के माध्यम से प्राप्त करने के बजाय जन्मजात और दिया हुआ होता है।
   (4) अधिक जानकार अन्य लोगों के साथ बातचीत से सह-निर्मित होता है।

2. Which of the following statements about adolescence is **not** correct ?
   (1) Children across different cultures usher in and experience adolescence in a similar manner.
   (2) Adolescence is a social construction.
   (3) Adolescence is generally considered to begin with puberty - the process that leads to sexual maturity and the ability to reproduce.
   (4) Adolescence is developmental transition between childhood and adulthood entailing physical, cognitive and psychosocial changes.

   किशोरावस्था के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है ?
   (1) विभिन्न संस्कृतियों के बच्चे एक समान तरीके से किशोरावस्था में प्रवेश करते हैं और इसे अनुभव करते हैं।
   (2) किशोरावस्था एक सामाजिक रचना है।
   (3) किशोरावस्था को आमतौर पर यौवन को शुरू करने के लिए माना जाता है – यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो यौन परिपक्वता और पुनरुत्पादन की क्षमता की ओर ले जाती है।
   (4) किशोरावस्था बचपन और वयस्कता के बीच विकासात्मक संक्रमण है जिसमें शारीरिक, संज्ञानात्मक और मनोसामाजिक परिवर्तन होते हैं।

3. Which of the following describes a mastery goal orientation ?
   (1) focus on avoiding failure or punishment for fear of humiliation.
   (2) focus on achieving a certain level of performance for competing with others.
   (3) focus on improving ones' skills and understanding of a task.
   (4) focus on achieving a high grade for receiving external rewards.

   निम्न में से कौन सा एक महारत लक्ष्य अभिविन्यास का वर्णन करता है ?
   (1) अपमान के डर से असफलता या सजा से बचने पर ध्यान देना।
   (2) दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक निश्चित स्तर के प्रदर्शन को प्राप्त करने पर ध्यान देना।
   (3) किसी कार्य के लिए अपनी कौशल और समझ को सुधारने पर ध्यान देना।
   (4) बाहरी पुरस्कार प्राप्त करने के लिए उच्च ग्रेड प्राप्त करने पर ध्यान देना।

4. Which of the following best describes the role of the teacher in progressive education ?
(1) The teacher lets the children learn independently and does not interfere in their learning.
(2) The teacher is the primary source of knowledge and authority in the classroom.
(3) The teacher provides diverse materials for children to experiment and provides scaffolding as and when required.
(4) The teacher is responsible for ensuring strict adherence to curriculum standards.

निम्नलिखित में से कौन प्रगतिशील शिक्षा में शिक्षक की भूमिका का सबसे अच्छा वर्णन करता है?
(1) शिक्षक बच्चों को स्वतंत्र रूप से सीखने देता है और उनके सीखने में हस्तक्षेप नहीं करता है।
(2) शिक्षक कक्षा में ज्ञान और प्राधिकार का प्राथमिक स्रोत है।
(3) शिक्षक बच्चों को प्रयोग करने के लिए विविध सामग्री प्रदान करता है और आवश्यकता पड़ने पर आलम्बन प्रदान करता है।
(4) शिक्षक पाठ्यचर्या मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है।

5. According to Jean Piaget the ability to use symbols for symbols such as letting the letter X stand for an unknown numeral develops during _________ and enables the children to learn _________.
(1) formal operational stage; conservation and seriation
(2) concrete operational stage; algebra and calculus
(3) concrete operational stage; conservation and seriation
(4) formal operational stage; algebra and calculus

जीन पियाजे के अनुसार चिन्हों के लिए चिन्हों का प्रयोग करने की क्षमता जैसे कि अक्षर X को अज्ञात अंक के लिए मानने की क्षमता _________ के दौरान विकसित होती है और विद्यार्थियों को _________ सीखने में सक्षम बनाती है।
(1) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था; संरक्षण और क्रमबद्धता
(2) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था; बीजगणित और गणना
(3) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था; संरक्षण और क्रमबद्धता
(4) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था; बीजगणित और गणना

6. Which of the following is an example of a question that requires students to analyze information ?
(1) Who is the protagonist of "To Kill a Mockingbird"?
(2) What is the plot of the novel "To Kill a Mockingbird" ?
(3) What is the theme of the novel "To Kill a Mockingbird"?
(4) How does the author use symbolism in "To Kill a Mockingbird"?

निम्नलिखित में से कौन सा एक ऐसे प्रश्न का उदाहरण है जिसमें छात्रों को जानकारी का विश्लेषण करने की आवश्यकता होती है?
(1) "टू किल ए मॉकिंगबर्ड" का नायक कौन है?
(2) "टू किल ए मॉकिंगबर्ड" उपन्यास का कथानक क्या है?
(3) "टू किल ए मॉकिंगबर्ड" उपन्यास का विषय क्या है?
(4) "टू किल ए मॉकिंगबर्ड" में लेखक प्रतीकवाद का उपयोग कैसे करते हैं?

7. **Assertion (A) :**
Students are more likely to do well and stay in school if they have emotional attachment to their school and believe that they matter.
**Reason (R) :**
Emotions play a significant role in learning.
Choose the **correct** option :
(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :**
छात्रों के अच्छा प्रदर्शन करने और स्कूल में बने रहने की अधिक संभावना है यदि उनको अपने स्कूल से भावनात्मक लगाव है और वे मानते हैं कि उनका होना मायने रखता है।
**कारण (R) :**
भावनाएँ सीखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
**सही** विकल्प चुनें।
(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

8. Asking Critical questions such as "how much and in what ways are various gender represented in textbooks and media" would encourage :
(1) Discouraging gender role flexibility
(2) Questioning gender stereotypes
(3) Strengthening gender constancy
(4) Reinforcing gender identity

''पाठ्यपुस्तकों और मीडिया में विभिन्न जेंडर का प्रतिनिधित्व कितना और किस तरीके से किया जाता है'' जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न पूछने से किसको प्रोत्साहन मिलेगा?
(1) जेंडर भूमिका की नम्यता के हतोत्साहित को
(2) जेंडर रूढ़ियों पर सवाल उठाना
(3) जेंडर स्थिरता को मजबूत करना
(4) जेंडर पहचान को मजबूत करना

9. In order to address the individual differences among learners, a teacher should :
(1) implement a rigid and uniform curriculum for all learners
(2) acknowledge differences as abnormal and kind of deficit
(3) be indifferent towards individual differences
(4) consider differences as obvious feature of human diversity

शिक्षार्थियों के बीच व्यक्तिगत भिन्नताओं को संबोधित करने के लिए एक शिक्षक को :
(1) सभी शिक्षार्थियों के लिए एक अनम्य और समान पाठ्यक्रम लागू करना चाहिए
(2) मतभेदों को असामान्य और एक प्रकार की कमी के रूप में स्वीकार करना चाहिए
(3) व्यक्तिगत भिन्नताओं को नज़र-अंदाज़ करना चाहिए
(4) भिन्नताओं को मानव विविधता की प्रत्यक्ष विशेषता के रूप में मानना चाहिए

10. In a progressive classroom assessment is :

(1) Normative (2) Dynamic (3) Objective (4) Summative

एक प्रगतिशील कक्षा में आकलन ________

(1) मानक संदर्भित होता है। (2) गतिशील होता है। (3) वस्तुनिष्ठ होता है। (4) योगात्मक होता है।

11. Alok shows the following behaviours : Holds head in an awkward position when reading; squinting and rubbing the eye frequently; redness/swelling of eyes; confusing letters. These can be symptoms of potential :

(1) Communication disorder (2) Visual problems

(3) Language comprehension problems (4) Autistic spectrum disorder

आलोक निम्नलिखित व्यवहार दिखाता है : पढ़ते समय सिर को अजीब स्थिति में पकड़ना; आँख को बार-बार मूंदना और रगड़ना; आँखों की लाली/सूजन; अक्षर पहचान में भ्रमित होना। यह किसके संभावित लक्षण हो सकते हैं?

(1) संचार संबंधी विकार (2) दृष्टि संबंधी समस्याएँ

(3) भाषा की समझ की समस्या (4) स्वलीनता विकार

12. **Assertion (A) :**

There is no objectively definable moment when a child enters middle childhood or adolescence.

**Reason (R) :**

Development is continuous in nature.

Choose the correct option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :**

वह कोई उद्देश्यात्मक निश्चित क्षण नहीं होता जब कोई बच्चा मध्य बाल्यावस्था या किशोरावस्था में प्रवेश करता है।

**कारण (R) :**

विकास, प्रकृति में निरंतर होता रहता है।

**सही विकल्प चुनें।**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

13. **Assertion (A) :**

Teachers should constantly reflect on their own stereotypes and bias.

**Reason (R) :**

Culturally responsive teaching means that teachers are reflective.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :**

शिक्षकों को निरंतर अपने स्वयं के रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रहों पर चिंतन करना चाहिए।

**कारण (R) :**

सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी शिक्षण का अर्थ है कि शिक्षक चिंतनशील हो।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

14. According to Vygotsky, what is the role of the teacher in facilitating cognitive development ?

(1) To give only those tasks that the student can currently do independently.

(2) To provide information and knowledge to the student.

(3) To guide and support the student's learning through scaffolding.

(4) To allow the student to learn completely independently.

वयगोत्स्की के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास को सुगम बनाने में शिक्षक की क्या भूमिका है ?

(1) केवल उन्हीं कार्यों को देना जो विद्यार्थी वर्तमान में स्वतंत्र रूप से कर सकता है।

(2) छात्र को जानकारी और ज्ञान प्रदान करना।

(3) आलम्बन के माध्यम से छात्र के सीखने का मार्गदर्शन और समर्थन करना।

(4) छात्र को पूरी तरह से स्वतंत्र रूप से सीखने की अनुमति देना।

15. A middle school teacher wants to enable meaningful learning by helping students make connections between concepts and real-world applications. Which of the following activities would be an appropriate pedagogical strategy ?

(1) Let the students research on a current issue in small groups and present their findings to the class.

(2) Let the students memorize terms and definitions.

(3) Let the students complete worksheets with multiple choice questions.

(4) Let the students learn by the method of stimulus-response conditioning.

एक माध्यमिक स्कूल शिक्षक छात्रों को संकल्पनाओं और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच संबंध बनाने में मदद करके सार्थक सीखने को सक्षम बनाना चाहता है। निम्नलिखित में से कौन सी गतिविधि एक उपयुक्त शैक्षणिक रणनीति होगी ?

(1) छात्रों को छोटे समूहों में वर्तमान मुद्दे पर शोध करने दें और अपने निष्कर्ष कक्षा में प्रस्तुत करें।

(2) छात्रों को नियम और परिभाषाएँ याद करने दें।

(3) विद्यार्थियों से बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली कार्य पत्रक पूरी करने को कहें।

(4) विद्यार्थियों को उद्दीपक-प्रतिक्रिया अनुबंधन की विधि द्वारा सीखने को कहें।

16. According to Lev-Vygotsky children benefit from the experience of interacting with ________ while working _______ their zone of proximal development.

(1) the physical environment; just outside

(2) more knowledgeable others; within

(3) more knowledgeable others; just outside

(4) the physical environment; within

लेव-वायगोत्स्की के अनुसार बच्चे _______ के साथ अंत:क्रिया के अनुभव से लाभान्वित होते हैं और उन कार्यों को कर पाते हैं जो उनके समीपदुराभिमुख विकास के क्षेत्र के _______ हैं।

(1) भौतिक वातावरण; बस बाहर

(2) अधिक जानकार अन्य; अंदर

(3) अधिक जानकार अन्य; बस बाहर

(4) भौतिक वातावरण; अंदर

17. Dyslexia is a ________ condition which impacts learner's ability to ________.

(1) sensory, coordinate body movements

(2) emotional, draw pictures

(3) neurological, link sounds with symbols

(4) physiological, socialize with peers

अपपठन वैकल्य/डिस्लेक्सिया एक _______ स्थिति है जो शिक्षार्थी की _______ की क्षमता को प्रभावित करती है।

(1) संवेदी, शारीरिक गतिविधियों के समन्वय

(2) भावनात्मक, चित्र बनाने

(3) तंत्रिकीय/न्यूरोलॉजिकल, ध्वनियों को प्रतीकों चिन्हों के साथ जोड़ने

(4) शारीरिक, साथियों के साथ सामाजीकरण

18. Which of the following characterise the process of socialization ?

(a) It is a linear process.
(b) It is a complex process.
(c) It is a multidimensional process.
(d) It takes place uniquely in different cultures.

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (b) (3) (b), (c) (4) (b), (c), (d)

निम्नलिखित में से कौन सा समाजीकरण की प्रक्रिया की विशेषताएँ हैं ?

(a) यह एक रेखीय प्रक्रिया है।
(b) यह एक जटिल प्रक्रिया है।
(c) यह एक बहुआयामी प्रक्रिया है।
(d) यह विभिन्न संस्कृतियों में विशिष्ट रूप से होती है।

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (b) (3) (b), (c) (4) (b), (c), (d)

19. **Assertion (A) :**

In an inclusive classroom, adaptations should be made in learning goals, pedagogical strategies as well as assessment.

**Reason (R) :**

The philosophy of inclusion advocates elimination of all individual differences through pedagogical approaches and assessment.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :**

एक समावेशी कक्षा में, सीखने के लक्ष्यों, शैक्षणिक रणनीतियों के साथ-साथ आकलन में अनुकूलन किया जाना चाहिए।

**कारण (R) :**

समावेशन का दर्शन शैक्षणिक दृष्टिकोण और मूल्यांकन के माध्यम से सभी व्यक्तिगत मतभेदों को समाप्त करने की वकालत करता है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

20. Which of the following does **not** exemplify an inclusive classroom ?

(1) Encouraging competitive ethos

(2) Incorporation of diverse perspectives

(3) Following reasonable accommodation

(4) Offering differentiated instruction

निम्नलिखित में से कौन एक समावेशी कक्षा का उदाहरण **नहीं** है ?

(1) प्रतिस्पर्धी लोकाचार को प्रोत्साहित करना

(2) विविध दृष्टिकोणों का समावेश

(3) उचित समावेशन का पालन

(4) विभेदित निर्देश देना

21. **Assertion (A) :**

The less able a child is to do a task the more directions the teachers should give and as the child can do more and more the teacher should help less and less.

**Reason (R) :**

Intelligence cannot be accurately measured by calculating IQ.

Choose the **correct** option.

(1) Both (A) and (R) are false.

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(4) (A) is true but (R) is false.

**अभिकथन (A) :**

एक बच्चा किसी कार्य को करने में जितना कम सक्षम होता है, शिक्षकों को उतने ही अधिक संकेत व इशारे देनी चाहिए और जैसे-जैसे बच्चा अधिक से अधिक कर सकता है, शिक्षक को कम से कम मदद करनी चाहिए।

**कारण (R) :**

बुद्धि को बुद्धि-लब्धि की गणना करके सटीक रूप से नहीं मापा जा सकता है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) (A) और (R) दोनों गलत है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

22. A teacher notices that one of her students is highly distractible and has trouble paying attentio during class. Which of the following strategies would is an effective strategy in helping the studer stay focused ?

(1) Calling the parents and taking strict disciplinary action against the student.

(2) Giving the student repeated tasks to do during class.

(3) Strictly telling the student to increase their attention span.

(4) Giving a timer to student for self-regulation and time-management.

एक शिक्षिका ने नोटिस किया कि उसका एक छात्र अत्यधिक विचलित है और उसे कक्षा के दौरान ध्यान देने में परेशानी होती है। निम्नलिखित में से कौन सी रणनीति छात्र को केंद्रित रहने में मदद करने के लिए एक प्रभावी रणनीति होगी ?

(1) माता-पिता को बुलाकर छात्र के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करना।

(2) छात्र को कक्षा के दौरान बार-बार करने के लिए कार्य देना।

(3) छात्र को सख्ती से अपना अवधान अवधि बढ़ाने के लिए कहना।

(4) स्व-नियमन और समय-प्रबंधन के लिए छात्र को टाइमर देना।

23. **Assertion (A) :**

Learning from real-life problems and concrete experiences gives the children multiple pathways for learning and retrieving information.

**Reason (R) :**

Development is relatively orderly and sequential.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :**

वास्तविक जीवन की समस्याओं और मूर्त अनुभवों से सीखने से बच्चों को अधिगम और जानकारी प्राप्त करने के लिए कई रास्ते मिलते हैं।

**कारण (R) :**

विकास अपेक्षाकृत व्यवस्थित और अनुक्रमिक है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

24. Work in progress Portfolios are an effective tool for formative assessment because :
(a) They involve students in the process of assessment.
(b) They offer insights about the progress of individual students.
(c) They focus mainly in the presentation of the final product.
(d) They offer tangible evidence of student learning.
(1) (a), (b), (d) (2) (b), (c) (3) (a), (d) (4) (a), (b), (c)

रचनात्मक मूल्यांकन के लिए कार्य की प्रगति को दर्शाते पोर्टफोलियो एक प्रभावी प्रणाली है क्योंकि –
(a) वे मूल्यांकन की प्रक्रिया में छात्रों को शामिल करते हैं।
(b) वे व्यक्तिगत छात्रों की प्रगति के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।
(c) वे मुख्य रूप से अंतिम उत्पाद की प्रस्तुति पर ध्यान केंद्रित करते हैं।
(d) वे छात्र अधिगम के ठोस सबूत पेश करते हैं।
(1) (a), (b), (d) (2) (b), (c) (3) (a), (d) (4) (a), (b), (c)

25. Which of the following is a core principle of constructivist learning theory ?
(1) Learning is primarily a passive process that involves receiving and memorizing information.
(2) Teachers should provide direct instruction and explicit guidance to students.
(3) Learning occurs when students receive correct answers and feedback from teachers.
(4) Students construct their own knowledge through active engagement with their environment.

निम्नलिखित में से कौन सा संरचनावादी अधिगम सिद्धांत का मूल सिद्धांत है ?
(1) अधिगम मुख्य रूप से एक निष्क्रिय प्रक्रिया है जिसमें सूचना प्राप्त करना और याद रखना शामिल है।
(2) शिक्षकों के छात्रों को प्रत्यक्ष निर्देश और स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए।
(3) अधिगम तब होता है जब छात्रों को शिक्षकों से सही उत्तर और प्रतिपुष्टि मिलती है।
(4) छात्र अपने पर्यावरण के साथ सक्रिय संलग्नता के माध्यम से अपने ज्ञान का निर्माण करते हैं।

26. The central argument of Carol Gilligan's critique of Kohlberg's theory of moral development is around :
(1) Educational implications of the study for school going children.
(2) Ethics of care and the feminist perspective.
(3) Overestimation of children's moral abilities.
(4) Use of experimental design in studying children.

कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत की कैरोल गिलिगन की आलोचना का केंद्रीय तर्क है :
(1) स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए अध्ययन के शैक्षिक निहितार्थ।
(2) देखभाल की नैतिकता और नारीवादी दृष्टिकोण।
(3) बच्चों की नैतिक क्षमताओं को अधिक आंकना।
(4) बच्चों के अध्ययन में प्रायोगिक शोध प्रणाली का उपयोग।

27. Sujata participates eagerly in the dance competition only because she is interested in winning the first prize of cash. Sujata is :

(1) Failure-avoiding learner
(2) Intrinsically motivated
(3) Extrinsically motivated
(4) Mastery-Oriented learner

सुजाता नृत्य प्रतियोगिता में केवल इसलिए उत्सुकता से भाग लेती है क्योंकि वह नकद का प्रथम पुरस्कार जीतने में रुचि रखती है। सुजाता –

(1) असफलता परिहार शिक्षार्थी है।
(2) आंतरिक रूप से प्रेरित है।
(3) बाहरी रूप से प्रेरित है।
(4) महारत उन्मुख शिक्षार्थी है।

28. Which of the following process is essential in meaning-making of the information received from environment and store it further in memory ?

(1) Retrieval
(2) Attention
(3) Decay
(4) Forgetting

निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया वातावरण से प्राप्त जानकारी के अर्थ-निर्माण और इसे स्मृति में आगे संग्रहीत करने के लिए आवश्यक है?

(1) पुनर्प्राप्ति
(2) ध्यान देना
(3) क्षय होना
(4) भूलना

29. In which stage of Kohlberg's moral development do children's reasoning revolve around ethics of law ?

(1) Autonomous morality
(2) Pre-conventional morality
(3) Conventional morality
(4) Heteronomous morality

कोहलबर्ग के नैतिक विकास की किस अवस्था में बच्चों का तर्क कानून की नैतिकता के इर्द-गिर्द घूमता है?

(1) स्वायत्त नैतिकता
(2) पूर्व-पारंपरिक नैतिकता
(3) पारंपरिक नैतिकता
(4) विषम नैतिकता

30. An elementary school teacher can strongly influence students' development of academic self-concept by :

(1) Keeping very low expectations from special students
(2) Keeping very low expectations from all students
(3) Punishing autonomy and initiative in students
(4) Rewarding autonomy and initiative in students

एक प्रारंभिक विद्यालय का शिक्षक छात्र के शैक्षणिक आत्म-संप्रत्यय के विकास को दृढ़ता से प्रभावित कर सकता है :

(1) विशेष छात्रों से बहुत कम उम्मीदें रखना
(2) सभी विद्यार्थियों से बहुत कम अपेक्षाएँ रखना
(3) छात्रों में स्वायत्तता और पहल को दंडित करना
(4) छात्रों में स्वायत्तता और पहल को पुरस्कृत करना

8057718

**IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण**

*Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*

*परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग - II ( गणित व विज्ञान ) या भाग - III ( सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान ) से करने हैं।*

## PART - II / भाग - II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

**Direction :** *Answer the following questions by selecting the correct/most appropriate options.*

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**31.** The number of vertices (V), edges (E) and faces (F) of a polyhedron are respectively 10, 15 and $x$. Then, the value of $(3x-12)$ is :

(1) 18 (2) 7 (3) 9 (4) 14

किसी बहुफलकी के शीर्षों (V), किनारों (E) और फलकों (F) की संख्याएँ क्रमश: 10, 15 और $x$ हैं। तब $(3x-12)$ का मान है :

(1) 18 (2) 7 (3) 9 (4) 14

**32.** One of the factors of $p^3x+p^2(x-y)-p(y+z)-z$ is :

(1) $p^2x+py-z$ (2) $p^2x-py+z$ (3) $p^2x+py+z$ (4) $p^2x-py-z$

$p^3x+p^2(x-y)-p(y+z)-z$ के गुणनखंडों में से एक गुणनखंड है :

(1) $p^2x+py-z$ (2) $p^2x-py+z$ (3) $p^2x+py+z$ (4) $p^2x-py-z$

**33.** If a 8 - digit number 9 4 7 1 $x$ 9 $y$ 2 is divisible by 72, then which of the following statements is **not** true ?

(1) $x=3$ and $y=1$ (2) $x=8$ and $y=5$ (3) $x=4$ and $y=9$ (4) $x=9$ and $y=5$

यदि 8 - अंकीय संख्या 9 4 7 1 $x$ 9 $y$ 2, 72 से विभाज्य है, तो निम्न में से कौनसा कथन सत्य नहीं है ?

(1) $x=3$ और $y=1$ (2) $x=8$ और $y=5$ (3) $x=4$ और $y=9$ (4) $x=9$ और $y=5$

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

34. A shopkeeper sells an article for ₹ 324 after giving a discount of 28% on its marked price. The price of the article is ₹ 300. If he sells the article by giving 18% discount on its same marked then what will be his profit percent ?

(1) 24% (2) 10% (3) 19% (4) 23%

कोई दुकानदार एक वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 28% की छूट देकर ₹ 324 पर बेचता है। वस्तु का क्रय मूल्य है। यदि वह उस वस्तु को उसके उसी अंकित मूल्य पर 18% की छूट देकर बेचे, तो उसका लाभ प्रतिशत क्या होगा ?

(1) 24% (2) 10% (3) 19% (4) 23%

35. Concept was labelled as 'Schema' by :

(1) Van Hieles (2) Vygotsky (3) Piaget (4) Bruner

________ द्वारा अवधारणा को 'स्कीमा' के रूप में नामांकित किया गया था।

(1) वैन हैले (2) वाईगोत्सकी (3) पियाजे (4) ब्रूनर

36. In triangle PQR, $\angle P = 55°$ and $QR = 18$ cm. In which of the following cases, $\Delta PQR$ can be obtuse scalene triangle ?

(1) $\angle R = 35°$ and $PR = 18$ cm (2) $\angle R = 25°$ and $PQ = 18$ cm

(3) $\angle R = 15°$ and $PR > 18$ cm (4) $\angle R = 65°$ and $PQ > 18$ cm

त्रिभुज PQR में, $\angle P = 55°$ और $QR = 18$ cm है। निम्न स्थितियों में से किसमें $\Delta PQR$ एक अधिक कोण विषमबाहु त्रिभुज हो सकता है ?

(1) $\angle R = 35°$ और $PR = 18$ cm (2) $\angle R = 25°$ और $PQ = 18$ cm

(3) $\angle R = 15°$ और $PR > 18$ cm (4) $\angle R = 65°$ और $PQ > 18$ cm

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**37.** A student was given the following problem on percentage to solve,
"Find the percentage of decrease if the population of a city decreased from 28,000 to 26,500."
She wrote the following solution,
Original population = 28,000; New population = 26,500

$$\% \text{ decrease} = \frac{26{,}500}{28{,}000} \times 100\% = 94.6\%$$

Which of the following is most appropriate with respect to the response of the student ?
(1) Student has made a careless mistake.
(2) Student is able to understand the concept of percentage but is not able to understand percentage of which quantity is to be found.
(3) Student has solved the question correctly but has used wrong symbols in solution.
(4) Student does not know the concept of percentage.

एक विद्यार्थी को प्रतिशतता पर निम्नलिखित समस्या हल करने को दी गई,
"अगर एक शहर की जनसंख्या 28,000 से घटकर 26,500 हो गई है तो जनसंख्या के घटने की प्रतिशतता ज्ञात कीजिए।"
उसने निम्नलिखित हल लिखा,
प्रारंभिक जनसंख्या = 28,000; नई जनसंख्या = 26,500

$$\text{घटने का } \% = \frac{26{,}500}{28{,}000} \times 100\% = 94.6\%$$

विद्यार्थी के उत्तर के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या सबसे उपयुक्त है ?
(1) विद्यार्थी ने असावधानीवश एक त्रुटी की है।
(2) विद्यार्थी प्रतिशतता की अवधारणा को समझने में सक्षम है परन्तु वह यह समझ पाने में समर्थ नहीं है कि किस राशि की प्रतिशतता ज्ञात करनी है।
(3) विद्यार्थी ने प्रश्न को सही तरीके से हल किया है किन्तु उसने उत्तर में गलत चिन्हों का उपयोग किया है।
(4) विद्यार्थी प्रतिशतता की अवधारणा को नहीं जानता।

**38.** The lengths of the parallel sides of a trapezium are 11 cm and 25 cm and the distance between them is 12 cm. Its area is equal to the area of a rectangle whose sides are in the ratio 3 : 2. What is the perimeter (in cm) of the rectangle ?
(1) 70 (2) 40 (3) 50 (4) 60

किसी समलंब चतुर्भुज की समांतर भुजाएँ 11 cm और 25 cm हैं और उनके बीच की दूरी 12 cm है। इसका क्षेत्रफल उस आयत के क्षेत्रफल के बराबर है जिसकी भुजाएँ 3 : 2 के अनुपात में हैं। उस आयत का परिमाप (cm में) क्या है ?
(1) 70 (2) 40 (3) 50 (4) 60

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

39. $x$ varies inversely as $y$. When $x=3.5$, then $y=2.4$. What is the value of $y$ when $x=5.6$ ?

(1) 2.8 (2) 1.4 (3) 1.5 (4) 2.1

$x$, $y$ के साथ व्युत्क्रमानुपाती विचरण करता है। जब $x=3.5$ है, तब $y=2.4$ है। जब $x=5.6$ है, तब $y$ का मान क्या है?

(1) 2.8 (2) 1.4 (3) 1.5 (4) 2.1

40. The product of two rational numbers is $-\frac{40}{3}$. If one of the two numbers is $-\frac{5}{2}$, then the reciprocal of the other number lies between :

(1) $\frac{1}{4}$ and $\frac{1}{3}$ (2) $\frac{3}{20}$ and $\frac{9}{50}$ (3) $\frac{9}{50}$ and $\frac{1}{5}$ (4) $\frac{1}{5}$ and $\frac{1}{4}$

दो परिमेय संख्याओं का गुणनफल $-\frac{40}{3}$ है। यदि उन दो संख्याओं में से एक $-\frac{5}{2}$ है, तो दूसरी संख्या का व्युत्क्रम किसके बीच में स्थित है :

(1) $\frac{1}{4}$ और $\frac{1}{3}$ (2) $\frac{3}{20}$ और $\frac{9}{50}$ (3) $\frac{9}{50}$ और $\frac{1}{5}$ (4) $\frac{1}{5}$ और $\frac{1}{4}$

41. National Education Policy (NEP) 2020 recommends that Sports Integrated Pedagogy needs to be used in classroom teaching. Which among the following are correct in the context of using sports integrated pedagogy in mathematics classroom ?

(a) Teaching-learning process shall become joyful.
(b) It is not possible to use sports for teaching mathematics.
(c) It will be time consuming and hence needs to be avoided.
(d) Apart from popular sports, there are many indigenous sports which can be used in teaching mathematics.

Choose the **correct** option :

(1) (b), (c) and (d) (2) (a) and (c) (3) (b) and (c) (4) (a) and (d)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 सिफारिश करती है कि खेल एकीकृत शिक्षाशास्त्र को कक्षा में उपयोग करने की आवश्यकता है। खेल एकीकृत शिक्षाशास्त्र के संदर्भ में गणित की कक्षा के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया आनन्ददायक हो जाएगी।
(b) खेल का उपयोग गणित पढ़ाने में सम्भव नहीं है।
(c) इसमें बहुत समय खर्च हो जाएगा तो इसे टालना चाहिए।
(d) प्रसिद्ध खेलों के अलावा कई स्वदेशी खेल हैं जिनका उपयोग गणित पढ़ाने में किया जा सकता है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (b), (c) और (d) (2) (a) और (c) (3) (b) और (c) (4) (a) और (d)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

80577192

**42.** BD is the diagonal of parallelogram ABCD such that $\angle CBD = 12x$, $\angle ABD = 7y$, $\angle ADB = 60°$ and $\angle CDB = 28°$. Then, the value of $2x + 3y$ is :

(1) 23° (2) 20° (3) 21° (4) 22°

किसी समांतर चतुर्भुज ABCD का विकर्ण BD इस प्रकार है कि $\angle CBD = 12x$, $\angle ABD = 7y$, $\angle ADB = 60°$ और $\angle CDB = 28°$ है। तब $2x + 3y$ का मान है :

(1) 23° (2) 20° (3) 21° (4) 22°

**43.** Which of the following is not a dimension of assessment of mathematics learning ?

(1) Mathematical reasoning

(2) Communication

(3) Patterns and procedures

(4) Disposition towards mathematics

निम्नलिखित में से कौन-सा गणित अधिगम के आकलन का आयाम नहीं है?

(1) गणितीय तर्क

(2) सम्प्रेषण

(3) प्रतिमान (पैटर्न) और प्रक्रिया (कार्य-विधि)

(4) गणित के प्रति रूझान

**44.** If $x = 1.011 + 10.11 - 12.101 + 0.1011$, then what should be added to $x$ to get the sum as 1.1 ?

(1) 1.1311 (2) 1.9789 (3) 0.3111 (4) 0.2211

यदि $x = 1.011 + 10.11 - 12.101 + 0.1011$ है, तो $x$ में क्या जोड़ा जाए, जिससे योगफल 1.1 प्राप्त हो?

(1) 1.1311 (2) 1.9789 (3) 0.3111 (4) 0.2211

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

45. A middle school mathematics teacher poses the following question to her class.
"Which type of graph would you use to show the following data ?
(a) The heights of participants in an athletics meet
(b) The number of passengers boarding trains from 9:00 am to 9:00 pm at a station."
The intention of the teacher is to -
(1) Teach the use of histograms for data representation.
(2) Help learners understand the difference between bar graph and line graph.
(3) Introduce the concept of pie charts.
(4) Teach line graph through contextual situations.

मिडल स्कूल की गणित की एक शिक्षिका अपनी कक्षा के समक्ष निम्नलिखित प्रश्न रखती है।
''निम्नलिखित आँकड़ों को दर्शाने के लिए आप किस प्रकार के आलेख का उपयोग करेंगे ?
(a) किसी खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के कद
(b) किसी स्टेशन पर प्रातः 9:00 बजे से सायं 9:00 बजे तक रेलगाड़ियों से जाने वाले यात्रियों की संख्या।''
अध्यापिका का आशय है –
(1) आँकड़ों के निरूपण के लिए आयतचित्र के उपयोग का शिक्षण करना।
(2) दण्ड-आलेख और रेखा-आलेख के बीच के अंतर को समझने में शिक्षार्थियों की सहायता करना।
(3) पाई-चार्ट की अवधारणा का परिचय देना।
(4) रेखा-आलेख का संदर्भात्मक परिस्थितीयों द्वारा शिक्षण करना।

46. Teacher conducted an oral assessment in class and found that Ram can speak definition of a[...] types of numbers - odd, even, prime and composite accurately, but not able to identify the numbe[...] accurately when given a set of numbers.
Which of the following is most appropriate for the above situation ?
(1) Ram has analytical ability.
(2) Ram has good memory but lacks practice.
(3) Ram has good memory but lacks concentration.
(4) Ram has good memory but lacks conceptual understanding.

शिक्षक ने कक्षा में मौखिक आकलन का आयोजन किया जिससे यह पता चला कि राम विषम, सम, अभाज्य और भाज्य जैसे सभी प्रकार की संख्याओं की यथार्थ रूप से परिभाषा बता सकता है, परन्तु जब संख्याओं का समुच्चय दिया गया तब वह संख्याओं को सही रूप से पहचान नहीं पाया।
उपरोक्त परिस्थिति के लिए निम्नलिखित में से कौन सा अति-उपयुक्त है ?
(1) राम में विश्लेषणात्मक योग्यता है।
(2) राम की स्मरण शक्ति अच्छी है परन्तु अभ्यास की कमी है।
(3) राम की स्मरण शक्ति अच्छी है परन्तु एकाग्रता की कमी है।
(4) राम की स्मरण शक्ति अच्छी है परन्तु अवधारणात्मक बोध की कमी है।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

47. The area of the curved surface of a right circular cylinder is 4400 $cm^2$ and the circumference of its base is 110 cm. Its volume (in $m^3$) is : $\left(\text{Use } \pi = \frac{22}{7}\right)$

(1) 0.0382 (2) 0.0284 (3) 0.0385 (4) 0.0285

किसी लंब वृत्तीय बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 4400 $cm^2$ है और उसके आधार की परिधि 110 cm है। बेलन का आयतन ($m^3$ में) है : $\left(\pi = \frac{22}{7}\right.$ का प्रयोग कीजिए$\left.\right)$

(1) 0.0382 (2) 0.0284 (3) 0.0385 (4) 0.0285

48. The difference between two supplementary angles is 20°. If the smaller of these angles is p, then the value of $3p - 50°$ is :

(1) 190° (2) 310° (3) 270° (4) 250°

दो संपूरक कोणों का अंतर 20° है। यदि इनमें से छोटा कोण p है, तो $3p - 50°$ का मान है :

(1) 190° (2) 310° (3) 270° (4) 250°

49. If $\frac{x}{y} = \left(\frac{-1}{3}\right)^{-3} \div \left(\frac{2}{3}\right)^{-4}$, then what is the value of $\left(\frac{x}{y} + \frac{y}{x}\right)^{-1}$ ?

(1) $-\frac{48}{265}$ (2) $-\frac{3}{16}$ (3) $\frac{19}{48}$ (4) $\frac{38}{73}$

यदि $\frac{x}{y} = \left(\frac{-1}{3}\right)^{-3} \div \left(\frac{2}{3}\right)^{-4}$ है, तो $\left(\frac{x}{y} + \frac{y}{x}\right)^{-1}$ का मान क्या है ?

(1) $-\frac{48}{265}$ (2) $-\frac{3}{16}$ (3) $\frac{19}{48}$ (4) $\frac{38}{73}$

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

50. If $A = -2x^2 + 12x$, $B = 11 - 8x + 3x^2$, $C = 17 - 4x^2$ and $D = x^2 - x - 3$, then what is the su[cut off] co-efficients of $x^2$ and $x$ in $(A + B + C - D)$ ?

(1) 3 (2) 0 (3) −1 (4) 1

यदि $A = -2x^2 + 12x$, $B = 11 - 8x + 3x^2$, $C = 17 - 4x^2$ और $D = x^2 - x - 3$ हैं, तो $(A + B + C - D)$ [cut off] के गुणांकों का योग है :

(1) 3 (2) 0 (3) −1 (4) 1

51. A student listed the following properties of Rational Numbers. Which one/ones is/are [cut off]

(a) A rational number includes integers.

(b) 0 (zero) is not a rational number.

(c) All fractions are rational numbers.

Choose the **correct** option :

(1) (a) and (b) (2) (a) and (c) (3) Only (b) (4) Only (c)

एक विद्यार्थी ने परिमेय संख्याओं के निम्नलिखित गुणधर्मों की सूची बनाई। इनमें से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) एक परिमेय संख्या में पूर्णांक सम्मिलित है।

(b) शून्य (0) परिमेय संख्या नहीं है।

(c) सभी भिन्न परिमेय संख्याएँ होती हैं।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (a) और (b) (2) (a) और (c) (3) केवल (b) (4) केवल (c)

52. In triangles ABC and DEF; $\angle B = 90°$, $BC = 8$ cm, $\angle A = 40°$, $DE = 8$ cm, $\angle F = 40°$ and $\angle E = 90°$ [cut off] which of the following statements is **true** ?

(1) $\Delta ABC \cong \Delta FED$, by AAS

(2) $\Delta ABC \cong \Delta DEF$, by RHS

(3) $\Delta ABC \cong \Delta FED$, by RHS

(4) $\Delta ABC \cong \Delta DFE$, by AAS

त्रिभुजों ABC और DEF में; $\angle B = 90°$, $BC = 8$ cm, $\angle A = 40°$, $DE = 8$ cm, $\angle F = 40°$ और $\angle E = 90°$ है। [cut off] कथनों में से कौन-सा कथन **सत्य** है ?

(1) $\Delta ABC \cong \Delta FED$, AAS द्वारा

(2) $\Delta ABC \cong \Delta DEF$, RHS द्वारा

(3) $\Delta ABC \cong \Delta FED$, RHS द्वारा

(4) $\Delta ABC \cong \Delta DFE$, AAS द्वारा

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

53. Mathematics is a way of thinking since :

(a) It provides an opportunity for students to engage in proofs and examining patterns.

(b) Students reproduce formulae and symbols during problem solving.

(c) Students use appropriate strategies for solving various new problems.

Choose the correct option :

(1) Only (b) (2) (a) and (b) (3) (b) and (c) (4) (a) and (c)

गणित एक सोचने का तरीका है क्योंकि :

(a) यह विद्यार्थियों को साक्ष्यों एवं प्रतिमानों के निरीक्षण में व्यस्त (संलग्न) रखने के लिए अवसर प्रदान करता है।

(b) समस्या समाधान के दौरान विद्यार्थी सूत्रों एवं चिन्हों को दोहराते हैं।

(c) विद्यार्थी विभिन्न नई समस्याओं का समाधान करने के लिए उपयुक्त युक्तियों का उपयोग करते हैं।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल (b) (2) (a) और (b) (3) (b) और (c) (4) (a) और (c)

54. Three numbers are in the ratio 2 : 3 : 4 and the sum of their cubes is 33957. What is the sum of the three numbers ?

(1) 81 (2) 54 (3) 63 (4) 72

तीन संख्याएँ 2 : 3 : 4 के अनुपात में हैं और उनके घनों का योग 33957 है। इन तीनों संख्याओं का योग क्या है ?

(1) 81 (2) 54 (3) 63 (4) 72

55. Three consecutive integers are such that when they are taken in increasing order and multiplied by 3, 5 and 2, respectively, they add up to 99. What is the sum of the original first and third integers ?

(1) 24 (2) 16 (3) 18 (4) 20

तीन क्रमागत पूर्णांक इस प्रकार हैं कि जब उन्हें बढ़ते हुए क्रम में लिया जाता है और क्रमशः 3, 5 तथा 2 से गुणा करके जोड़ा जाता है, तो योगफल 99 प्राप्त होता है। आरंभिक पहले तथा तीसरे पूर्णांकों का योग क्या है ?

(1) 24 (2) 16 (3) 18 (4) 20

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

56. The following table shows the number of different fruits kept in a carton :

| Type of fruits | Mangoes | Apples | Oranges | Guavas | Pome-granates |
|---|---|---|---|---|---|
| Number | 44 | 56 | 42 | 30 | 38 |

If a pie chart is constructed for the above data, what will be the angle of the sector represen apples ?

(1) 100.8° (2) 79.2° (3) 72° (4) 96°

निम्न सारणी में किसी डिब्बे में रखे गए विभिन्न फलों की संख्याओं को दर्शाया गया है :

| फलों के प्रकार | आम | सेब | संतरे | अमरूद | अनार |
|---|---|---|---|---|---|
| संख्या | 44 | 56 | 42 | 30 | 38 |

यदि उपरोक्त आंकड़ों का एक पाई चार्ट बनाया जाता है, तो उस त्रिज्यखंड का कोण क्या होगा जो सेबों को दर्शाता है?

(1) 100.8° (2) 79.2° (3) 72° (4) 96°

57. A box opened at the top is made of wood of thickness 3 cm. Its external length, breadth and hei are respectively 1.48 m, 1.16 m and 83 cm (base = length × breadth). What will be the cost painting its inner surface at ₹ 150 per $m^2$ ?

(1) ₹ 842.50 (2) ₹ 838.20 (3) ₹ 839.10 (4) ₹ 841.40

ऊपर से खुला हुआ एक बक्सा 3 cm मोटी लकड़ी का बना है। इसकी बाह्य लंबाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रम 1.48 m, 1.16 m और 83 cm है (आधार = लंबाई × चौड़ाई)। इसकी आंतरिक सतहों पर ₹ 150 प्रति $m^2$ की दर से कराने की लागत क्या होगी ?

(1) ₹ 842.50 (2) ₹ 838.20 (3) ₹ 839.10 (4) ₹ 841.40

58. If the median of the data 30, 8, 7, 3, 17, 15, 21, 24, 29, 23 is $x$ and the median of the data obtaine by replacing 3 by 33 and 8 by 18 in the above data is $y$, then what is the difference betwee $y$ and $x$ ?

(1) 4 (2) 1 (3) 2 (4) 3

यदि आंकड़ों 30, 8, 7, 3, 17, 15, 21, 24, 29, 23 का माध्यक $x$ है और इन आंकड़ों में 3 को 33 से तथा 8 को 18 से प्रतिस्थापित करने पर प्राप्त आंकड़ों का माध्यक यदि $y$ है, तो $y$ और $x$ का अंतर क्या है ?

(1) 4 (2) 1 (3) 2 (4) 3

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

59. A class VI mathematics teacher posed the following problem to her students :

